# मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर एवं स्पार्क इन्टरटेन्मेन्ट द्वारा दिनांक 01/03/2016 को आयोजित रोजगार मेले पर

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.03.2016 को विश्वविद्याल प्लेसमेन्ट सेल, मर्चेन्ट चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं स्पार्क इन्टरटेन्मेन्ट के संयुक्त तत्वाधान में 02 दिवसीय जॉब फेयर का शुभआरम्भ हुआ, जॉब फेयर का उद्घाटन श्रीमती संध्या मोहन वित्तअधिकारी छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, डा0 सिधान्शु राय प्रभारी विश्वविद्यालय प्लेसमेन्ट सेल एवं डॉ0 इन्द्र मोहन रोहतगी अध्यक्ष मर्चेन्ट चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती संध्या मोहन ने वहां पर उपस्थित 800 छात्र–छात्राओं को शुभकामनाऐं दी और कहा कि आत्मविश्वास एवं दृण्ता के साथ साक्षात्कार देने को कहा जिससे सत प्रतिशत सफलता प्राप्त की जा सकती है ।

प्लेसमेन्ट प्रभारी डा0 सिधान्शु राय ने कहा कि आप सभी छात्र पूरे मनोबल के साथ बिना किसी हिचक के साक्षात्कार दे और अगर चयनित नही भी होते है तो परेशान होने की जरूरत नही है क्योकि जीवन मे ंऔर भी मौके आयेगें।

मर्चेन्ट चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डा0 इन्द्र मोहन रोहतगी ने कहा कि विश्वविद्यालय के साथ इस तरीके के कार्यक्रम में परसपर सहयोग देने की बात कही और कहा कि विश्वविद्यालय एवं मर्चेन्ट चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश आगे आने वाले समय में साथ मिलकर ज्यादा से ज्यादा कम्पनियों को निमंत्रित कर कानपुर के छात्रों को नौकरी दिलवाने में सहायता करेगा।

आज लगभग 800 छात्र–छात्राओं ने विभिन्न कम्पनियों मे साक्षातकार दिये, आज सुबह से ही न सिर्फ विश्वविद्यालय कैम्पस बल्कि कानपुर एवं आस पास के क्षेत्रों के छात्र–छात्राओ ने बड़ी संख्या में आना शुरू कर दिया आज जॉब फेयर के प्रथम दिन कुल 196 छात्र–छात्राओं को चयनित एवं शार्टलिस्ट किया गया, जिसमें के0वी0सी0 में 37, यूरेका फोब्स में 35, आई0आई0एम0एस0 में 31, पी0एन0बी0 मेटलाइफ में 20, ब्लूवर्ड एवं गीतिका ग्लैक्सी में 10 कॉटनवुड्स में 06, टी0 एण्ड एच0 03, लिव प्योर में 11, शिवशक्ति में 19, एम0आई0आई0टी0 में 07, इपोक ओलम्पियाड में 08, बी0टी0पी0एस0 में 09 ।

प्लेसमेन्ट प्रभारी डा0 सिधान्शु राय ने बताया कि दिनांक 02 मार्च 2016 को सामान्य स्नातक एवं परास्नातक के छात्रों के अलावा बी0टेक0, एम0बी0ए0, बी0बी0ए0 एवं एम0सी0ए0 इत्यादि छात्रों के चयन हेतु कॅरियर मैट्रिक्स कम्पनी एप्टीट्यूट टेस्ट एवं साक्षात्कार हेतु आ रही है जो कि विभिन्न कम्पनीयो ंके लिए विभिन्न चयन प्रक्रियाओं के उपरान्त 02 लाख से लेकर 04 लाख तक के पैकेज पर चयन करेगी जिसमें प्रथम राउण्ड में एप्टीट्यूट टेस्ट होना है,इच्छुक छात्र–छात्राऐं सुबह 10:30 बजे इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल एण्ड टूरिज्म मैनेजमेन्ट मे उपस्थित हो।

इस अवसर पर कम्पनियों के एच0 आर0 प्रतिनिधियों में के0वी0सी0 के गौरव हसनानी, यूरेका फोब्स के मेकरान्त रे, अनूप पाठक, आई0आई0एम0एस0 के प्रियंका गुप्ता, पी0एन0बी0 मेटलाइफ के वैभव मिश्रा ब्लूवर्ड एवं गीतिका ग्लैक्सी के पूजा अलख, कॉटनवुड्स के अशोक गुप्ता, टी0 एण्ड एच0 के हरी ओम पाण्डेय, लिव प्योर के श्री निगम, शिवशक्ति के हरिकेश, एम0आई0आई0टी0 श्री नवीन त्रिवेदी, इपोक ओलम्पियाड के श्याम तिवारी, बी0टी0पी0एस0 के अनुज शुक्ला ने छात्र–छात्राओं के साक्षात्कार लियें।

स्पार्क इन्टरटेन्मेन्ट के श्री शैलेश श्रीवास्तव ने कम्पनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर अनुराग अग्निहोत्री एवं सौरभ त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संयोजन किया एवं मुकेश कुशवाहा, दिव्यंक श्रीवास्तव, सुरेन्द्र पाल एवं प्रमोद उपस्थित रहे।

श्री अरविन्द कुमार सिन्हा
सचिव
मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश

डा. सिधान्शु राय
प्रभारी
विश्वविद्यालय प्लेसमेन्ट सेल
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय